**हथियारों, विस्फोटकों और स्वापकों की सीमा पार तस्करीः**

जहां तक उपरोक्त मसलों के संबंध में मतभेद का सवाल है, भारत के खिलाफ निर्दशित आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान का समर्थन जारी है, इस समर्थन में अन्य बातों के साथ-साथ, विस्फोटको, हथियारों, और स्वापकों की तस्करी शामिल है। सरकार इस समस्या का समाधान निकालने के लिए पाकिस्तान के साथ वार्तालाप जारी रखे हुए है। यह समस्या अन्य पड़ोसी देशों की सीमाओं पर भी मौजूद है परन्तु इसका मुकाबला करने के संबंध में कोई मतभेद नहीं है।

**भारत और पाकिस्तानी सरकारों द्वारा तीर्थयात्राओं के लिए अनुमति**

178. **श्री ओंकार सिंह लखावतः** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(**क**) क्या भारत द्वारा पाकिस्तान तीर्थयात्रियों को अजमेर में स्थित ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर होने वाले सालाना उर्स और कुछ अन्य अवसरों पर आने की अनुमति प्रदान की जाती है;

(**ख**) क्या पाकिस्तान प्राधिकारियों द्वारा करोड़ों भारतीयों की ईष्ट देवी हिंगलाज और पाकिस्तान में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए भारतीय श्रद्धालुओं को अनुमति दी गयी थी, यदि हां तो पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार किस-किस तारीख को कितन-कितने तीर्थयात्रियों को अनुमति प्रदान की गयी, और

(ग) क्या भारत सरकार भारतीय तीर्थ यात्रियों को हिंगलाज की यात्रा के लिए पाकिस्तान से अनुमति प्राप्त करने का कोई प्रयास कर रही है?

**विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सलीम इकबाल शेरवानी)**: (क) पवित्र धार्मिक स्थलों के यात्रा संबंधी भारत पाकिस्तान प्रोतांकोल 1974 के अन्तर्गत पाकिस्तान तीर्थयात्री भारत में अजमेर स्थित हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह सहित धार्मिक स्थलों की यात्रा करते है।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उन भारतीय तीर्थयात्रियों की अनुमानित संख्या, जिन्होंने पाकिस्तान में विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा की इस प्रकार हैः

| अनसर/स्थान/माह | वर्ष | उन तीर्थयात्रियों की अनुमानित संख्या जिन्होंने यात्रा की |
|---|---|---|
| बेसाखी (अप्रैल) | 1994 | 1920 |
| | 1995 | 1980 |
| | 1996 | 1925 |
| गुरू अर्जुन देव जी का शहीद दिवस (मई) | 1994 | 660 |
| | 1995 | 640 |
| | 1996 | 545 |
| महाराज रंजीत सिंह जी की बरसी (नून) | 1994 | 340 |
| | 1995 | 300 |
| | 1996 | 245 |
| शादानी दरबार हयात पिताफी (अक्तूबर) | 1994 | 170 |
| | 1995 | 180 |
| | 1996 | 190 |
| गुरू नानक देव जी को जयन्ती (नवम्बर) | 1994 | 2290 |
| | 1995 | 2110 |
| | 1996 | 2180 |

(घ) सरकार ने पाकिस्तान सरकार से द्विपक्षीय प्रोतोकोल के अन्तर्गत भारत से आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए हिंगलाज देवी मंदिर सहित और अधिक धार्मिक स्थलों को खोलने का अनुरोध किया है। पाकिस्तान ने इस प्रस्ताल का अभी तक कोई उत्तर नहीं दिया है।

**LIS Readiness to Introduce New Chapter in Indo-US Ties**

179. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR:
SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether the US President has in his message of greeting on India's Golden Jubilee Anniversary, indicted that the US was ready to introduce a new chapter in its ties with India; and

(b) if so, what steps have since been taken bilaterally, unilaterally or otherwise to introduce such a new chapter in Indo-US ties?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SALEEM IQBAL SHERWANI): (a) Yes, Sir.